


## बियांका एंड्रीस्कू ने ऑस्ट्रेलियन ओपन से नाम लिया वापस, सोशल मीडिया पर दी जानकारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेरिस। कनाडा की स्टार बियांका एंड्रीस्कू ने साल के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन से हटने का फैसला किया है। उन्हें पिछले सीजन के अंत में टखने में चोट लग गई और वह इससे पूरी तरह से ठीक नहीं हुई हैं। यूएस ओपन चैंपियन एंड्रीस्कू ने ट्विटर पर यह जानकारी दी। उन्होंने ट्वीट किया, यह बेहद मुश्किल फैसला था, क्योंकि मैं मेलबर्न में खेलना काफी पसंद करती हूं लेकिन मुझे अपने टखने और शरीर के बारे में भी देखना है।
उन्होंने आगे लिखा, मेरा रिहैबिलिटेशन अच्छा चल रहा है। हर दिन मैं काफी बेहतर और मजबूत महसूस कर रही हूं लेकिन डॉक्टर से परामर्श और अपनी टीम के बातचीत के बाद मैंने फैसला किया है। ऑस्ट्रेलियन ओपन के दौरान रिहैब प्रक्रिया चल रही होगी। दुनिया की नंबर-6 महिला टेनिस प्लेयर एंड्रीस्कू को चीन के शेनझेन में डब्ल्यूटीए फाइनल्स के दौरान टखने में चोट लग गई थी। उन्होंने पिछले साल टोरंटो और इंडियन वेल्स में भी जीत दर्ज की।

# टी20 में राहुल शीर्ष भारतीय बल्लेबाज, कोहली भी आगे बढ़े

**आईसीसी रैंकिंग**

### भारत और श्रीलंका के बीच टी20 सीरीज के बाद आईसीसी ने जारी की रैंकिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। भारत के सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल शनिवार को जारी आईसीसी की टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में छठे स्थान पर बरकरार हैं जबकि कप्तान विराट कोहली एक स्थान के फायदे से 9वें पायदान पर पहुंच गए। भारत और श्रीलंका के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज के संपन्न होने के बाद यह रैंकिंग जारी की गई।

भारत ने इस सीरीज को 2-0 से अपने नाम किया। रैंकिंग में भारत के शीर्ष बल्लेबाज राहुल ने श्रीलंका के खिलाफ दो पारियों में 45 और 54 रन बनाए जिससे उन्हें 26 अंक का फायदा उठाया। वह ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल से सिर्फ छह अंक पीछे हैं। टेस्ट और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के शीर्ष बल्लेबाज कोहली 9वें स्थान पर हैं।



पुणे टी20 में अर्धशतक लगाने वाले बायें हाथ के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन भी एक स्थान के फायदे से 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। मनीष पांडे भी चार स्थान आगे बढ़कर 70वें पायदान पर हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में हुए इस साल के पहले अपडेट में भारतीय तेज गेंदबाजों को काफी फायदा हुआ है जिससे इस साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले पुरुष टी20 वर्ल्ड कप से पूर्व उनका मनोबल बढ़ेगा। सीरीज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए नवदीप सैनी 146 स्थान की लंबी छलांग के साथ 98वें स्थान पर पहुंच गए हैं। शार्दुल ठाकुर ने रैंकिंग में 92वें स्थान पर दोबारा प्रवेश किया है। इन दोनों तेज गेंदबाजों ने 5-5 विकेट चटकाए।

फिट होकर वापसी करने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आठ स्थान आगे बढ़कर 39वें पायदान पर हैं। श्रीलंका के लिए धनंजय डि सिल्वा बल्लेबाजों की रैंकिंग में 72 स्थान के फायदे से 115वें स्थान पर हैं। उन्होंने सीरीज में 74 रन बनाए। स्पिनर लक्षण संदाकन सीरीज में तीन विकेट हासिल करने के बाद 10 स्थान के फायदे से 29वें स्थान पर हैं।

आईसीसी टीम रैंकिंग में भारत को दो अंक का फायदा हुआ है लेकिन टीम 260 अंक के साथ पांचवें स्थान पर बरकरार है। श्रीलंका को दो अंक का नुकसान हुआ है और टीम के अब अफगानिस्तान के बराबर 236 अंक हैं।

# वर्ल्ड गेम्स ऐथलीट ऑफ द ईयर के लिए नामांकित हुई रानी रामपाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। विश्व हॉकी की संचालन संस्था इंटरनैशनल हॉकी फेडरेशन (एफआईएच) ने भारतीय विमिंस हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल को वर्ल्ड गेम्स ऐथलीट ऑफ द ईयरस के लिए नामांकित किया है। हॉकी इंडिया ने अपने बयान में बताया कि 25 अलग-अलग अंतरराष्ट्रीय महासंघों ने इस पुरस्कार के लिए 25 खिलाड़ियों को नामांकित किया है। एफआईएच ने रानी के शानदार प्रदर्शन और उनकी अगुआई करने की काबिलियत को देखकर उनका नाम इस पुरस्कार के लिए भेजा है।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष मोहम्मद मुश्ताक अहमद ने कहा, हॉकी इंडिया रानी के वर्ल्ड गेम्स




ऐथलीट ऑफ द ईयर 2019 के लिए नामांकित किए जाने की खबर से बहुत खुश है। वह प्रेरणास्रोत हैं।

विजेता का फैसला ऑनलाइन वोटिंग द्वारा जाएगा जो 30 जनवरी को समाप्त होगी।

रानी ने भारत के पहली बार लगातार ओलिंपिक्स क्वॉलिफाई करने में अहम भूमिका निभाई।

## भारत में भारत के खिलाफ खेलना हमेशा चुनौतीपूर्णः मैक्स कैलडस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। नीदरलैंड के मुख्य कोच मैक्स कैलडस को एफआईएच प्रो लीग के दूसरे सत्र में भारतीय हाकी टीम से कड़ी टक्कर मिलने की उम्मीद है और उन्होंने कहा कि आठ बार के ओलंपिक चैंपियन का उसकी सरजमीं पर सामना करना हमेशा मुश्किल होता है। प्रो लीग के पहले सत्र से बाहर रहने वाला भारत भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में नीदरलैंड के खिलाफ 18 और 19 जनवरी को इस प्रतियोगिता में पदार्पण करेगा।

कैलडस ने इस प्रतियोगिता में अच्छी शुरुआत के महत्व पर जोर दिया जहां टीम पिछले साल चैंपियन आस्ट्रेलिया और बेल्जियम के बाद दूसरे स्थान पर रही थी। कैलडस ने कहा, ''भारत के खिलाफ मैच काफी महत्वपूर्ण हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत के खिलाफ भारत में खेलना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है लेकिन यह काफी रोमांचक भी होता है क्योंकि हमें भुवनेश्वर में खेलना पसंद है।'' भारत और नीदरलैंड के बीच मुकाबले हमेशा प्रतिस्पर्धी होते हैं और आगामी दो मैचों में भी कड़े मुकाबले की उम्मीद है। दोनों टीमों के बीच हुए पिछले मुकाबले में नीदरलैंड की टीम ने भुवनेश्वर में 2018 विश्व कप के दौरान 2-1 से जीत दर्ज की थी।

## न्यूज डायरी



### टेनिसः बोपन्ना-कूलहोफ की जोड़ी ने जीता कतर ओपन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दोहा। भारत के अनुभवी टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना ने नीदरलैंड्स के वेस्ले कूलहोफ के साथ मिलकर शुक्रवार को 1,465,260 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि वाले कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। तीसरी सीड बोपन्ना और कूलहोफ की जोड़ी ने फाइनल में ल्यूक बैम्ब्रिज और सैंटियागो गोंजालेज की जोड़ी को 3-6, 6-2, 10-6 हराकर साल का पहला खिताब जीता। इस खिताबी जीत से बोपन्ना और कूलहोफ की जोड़ी को 250 एटीपी अंक मिले और साथ ही 76, 870 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि भी मिली। बोपन्ना और कूलहोफ की जोड़ी ने इससे पहले सेमीफाइनल में दूसरी सीड हेनरी कॉन्टिनेन और फ्रांस्को कुगोर की जोड़ी को 7-5, 6-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। बैम्ब्रिज और गोंजालेज की जोड़ी ने सेमीफाइनल में डेनमार्क के फ्रेडरिक नील्सन और जर्मनी के टिम प्यूएट्ज की जोड़ी को 2-6, 6-2, 10-4 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था।

### एडिलेड अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट से हटे नोवाक जोकोविच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** एडिलेड। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने आगामी एडिलेड अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया, जो टूर्नामेंट के आयोजकों के लिये करारा झटका है। जोकोविच सिडनी में एटीपी कप टीम प्रतियोगिता में सर्बिया की अगुआई कर रहे हैं, जिसमें टीम शनिवार को सेमीफाइनल में रूस से भिड़ेगी। जिन अधिकारियों ने एटीपी-डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट से उनकी अनुपस्थिति की पुष्टि की है, उन्होंने उनके हटने के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। टूर्नामेंट निदेशक एलिस्टेयर मैकडोनाल्ड ने कहा, हम जानते हैं कि नोवाक इस साल एडीलेड में नहीं खेल पाने के लिये कितने निराश हैं और हम अगले साल टूर्नामेंट में उनका स्वागत करने की उम्मीद करते हैं।

### प्रियंका, जतिन, अस्मी ने खेलो इंडिया युवा खेलों में स्वर्ण जीते

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** गुवाहाटी। महाराष्ट्र की जिमनास्ट अस्मी अंकुश बडाडे और उत्तर प्रदेश के जतिन कुमार कनोजिया ने शनिवार को यहां खेलो इंडिया युवा खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर अपने व्यक्तिगत पदकों की संख्या तीन कर ली। शुरूआती दिन शानदार प्रदर्शन करने वाली प्रियंका दासगुप्ता हालांकि एक और स्वर्ण पदक जीतकर सबसे आगे चल रही हैं, उनके पदकों की संख्या चार हो गयी है। एथलेटिक्स स्पर्धायें शनिवार से शुरू हुई और तुरंत ही सुर्खियों में छा गयी क्योंकि पहले ही दिन चार मीट रिकार्ड टूट गये। मध्यप्रदेश के अर्जुन वासकेल ने लड़कों की अंडर-17 3000 मीटर रेस जीती जबकि विवेक कुमार ने लड़कों की अंडर-17 भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। उत्तराखंड की अंकिता ने बालिका अंडर-21 5000 मीटर स्पर्धा में नया मीट रिकार्ड बनाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

### अब कोई दबाव नहीं, ब्रेक से फायदा मिलना शुरूः मैक्सवेल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ग्लेन मैक्सवेल ने मानसिक स्वास्थ्य को लेकर क्रिकेट से ब्रेक लेने के बाद वापसी की है और उनका कहना है कि अब उन्हें किसी चीज को लेकर परेशानी नहीं है। मैक्सवेल ने यह ब्रेक पिछले साल अक्टूबर में लिया था और यहां चल रही बिग बैश लीग में शानदार वापसी की है जिसमें उन्होंने मेलबर्न स्टार्स की अगुआई करते हुए तेजी से रन जुटाए। मैक्सवेल ने शुक्रवार की रात 45 गेंद में नाबाद 83 रन बनाकर मेलबर्न स्टार्स को मेलबर्न रेनेगेड्स पर सात विकेट की जीत दिलाई। मैक्सवेल ने 'क्रिकेट डॉट काम डॉट एयू' से कहा, 'अब मुझ पर कोई मानसिक दबाव नहीं है। मुझे लगता है कि मैंने जो ब्रेक लिया, यह उससे ही है। उन्होंने कहा, मैं क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और सभी अधिकारियों का शुक्रगुजार हूं जिन्होंने मुझे ठीक होने के लिए ब्रेक लेने की अनुमति दी क्योंकि मुझे लगता है कि अब मुझे इसका फायदा मिलना शुरू हो गया है।'